# मानवाधिकार और

# आधुनिक दासता नीति

**द्वारा निर्मित:**
Trillium Flow Technologies

**प्रभावी तिथि:** 11 नवंबर 2020

# नीति का उद्देश्य

यह नीति हमारे कारोबार और हमारी सप्लाई चेन में मानवाधिकारों के बारे में और बेगारी का विरोध करने के लिए Trillium Flow Technologies ("Trillium" या "कंपनी") के सिद्धांत स्थापित करती है। इस नीति में प्रयुक्त बेगारी शब्द में दासता, गुलामी, किसी भी प्रकार का जबरन या बाध्यकारी श्रम, और शोषण के उद्देश्य से तस्करी शामिल है। उचित नीतिपरक मूल्यों और मानवाधिकारों के सिद्धांत प्रोत्साहित कर हमारा उद्देश्य ऐसी कंपनी बनना है जिसके साथ जुड़ने में लोगों को गर्व महसूस हो।

Trillium एक विश्वस्तरीय वैश्विक इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग ग्रुप है जो अपने कारोबार के हर पहलू में मानवाधिकारों के सिद्धांतों को अपनाता है और उन्हें प्रोत्साहित करता है। हम बेगारी के उपयोग और उसके शोषण का विरोध करते हैं, और हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे लिए या हमारी ओर से कार्य करने वाले सभी व्यक्ति हमारे शून्य सहिष्णुता का दृष्टिकोण साझा करें। हम यह सुनिश्चित करने के लिए वचनबद्ध हैं कि हम मानवाधिकारों के किसी भी प्रकार के उल्लंघन में शामिल ना हों, और हम हमारे भागीदारों और सप्लायर्स को भी इसी उच्च मानक का पालन करने की आशा करते हैं।

Trillium मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा में निहित सिद्धांतों, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संघ सम्मेलनों, और बाल अधिकारों के सम्मलेन के दिशानिर्देशों को स्वीकारता है और उनका सम्मान करता है। हमारी मानवाधिकार और आधुनिक दासता नीति, कंपनी द्वारा अपने कारोबार को इन सिद्धांतों के अनुरूप और कंपनी के प्रभाव क्षेत्र के भीतर मानवाधिकारों की रक्षा करने के लिए संचालित करने के प्रति वचनबद्धता प्रदर्शित करती है।

# नीति का दायरा

यह नीति हमारे कर्मचारियों, एजेंट्स, कॉन्ट्रैक्टर्स, सप्लायर्स, और अन्य कारोबार भागीदारों सहित हमारे लिए और हमारी ओर से कार्य करने वाले सभी व्यक्तियों पर लागू होती है।

# नीतिपरक कारोबार आचरण

Trillium के लिए आवश्यक है कि इसका कारोबार ईमानदारी के साथ अखंडता से और सभी प्रयोज्य कानूनों के पूर्ण अनुपालन के साथ किया जाए। कंपनी की नीतियाँ हमारे द्वारा कारोबार करने के लिए स्पष्ट नीतिपरक मानक और दिशानिर्देश और उत्तरदायित्व स्थापित करती हैं। हमारे लिए और हमारी ओर से कार्य करने वाले सभी व्यक्तियों को कानून का पालन करना और क़ानूनी दायित्वों, नीतियों और कारोबार आचरण से जुड़े विशिष्ट मानकों का पालन करना जरूरी है। कंपनी में इन नीतियों की निगरानी करने और रिपोर्ट करने के लिए स्पष्ट उत्तरदायित्व यंत्रणा विद्यमान है।

# बेगारी का मुकाबला करना जरूरी क्यों है

बेगारी एक वैश्विक समस्या है। यह दुनियाभर के 20 मिलियन से भी अधिक लोगों को प्रभावित करती हैं। बेगारी का मुकाबला करने के लिए कदम उठाने से असुरक्षित कर्मिकों की रक्षा होती है और इससे मानवाधिकारों का उल्लंघन रोकने में मदद मिलती है।

आधुनिक दासता एक अपराध है और मानवाधिकारों का मूल उल्लंघन है। इसे यूके आधुनिक दासता अधिनियम 2015 (UK Modern Slavery Act 2015) और अन्य दासता रोधी विधानों में दासता, गुलामी, बेगारी या अनिवार्य श्रम, और मानव तस्करी के अपराधों के अधीन गठित किया गया है। Trillium की सभी कंपनियों में बेगारी, बाध्यकारी या तस्करी श्रम का उपयोग, वयस्क या बच्चे किसी को भी दासता या गुलामी में रखना पूरी तरह निषिद्ध है। हम अपने कॉन्ट्रैक्टर्स, सप्लायर्स और अन्य कारोबार भागीदारों से भी इन्हीं उच्च मानकों की अपेक्षा करते हैं, भले ही वे कहीं भी स्थित हों।

हम हमारे कारोबार में बेगारी सहन नहीं करते। बेगारी का उन्मूलन हमारे नीतिपरक सिद्धांतों के अनुरूप है और यह हमारी प्रतिष्ठा की रक्षा, निवेशकों और उपभोक्ता का विश्वास बनाए रखने के लिए और हमारे व्यावसायिक ओहदे की रक्षा के लिए जरूरी है।

हम बाल अधिकारों के संयुक्त राष्ट्रों के सम्मलेन और आईएलओ सम्मलेन 138 (Child and ILO Convention 138) के अनुरूप

बाल श्रम को खत्म करने के लिए दीर्घकालिक वैश्विक उद्देश्य का समर्थन करते हैं। Trillium द्वारा किसी भी बच्चे को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियुक्त नहीं किया जाता हैं। हमारे लिए और हमारी ओर से कार्य करने वाले सभी व्यक्तियों को स्थानीय कानून द्वारा निर्धारित न्यूनतम आयु की आवश्यकता की पूर्ति करनी होगी।

# हमारी जिम्मेदारियां

बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स की यह सुनिश्चित करने के की जिम्मेदारी हैं कि यह नीति हमारे क़ानूनी और नीतिपरक कर्तव्यों के अनुरूप हो।

इस नीति का कार्यान्वयन, इसके उपयोग और इसकी प्रभाविकता की निगरानी करना, इससे जुड़े प्रश्नों के जवाब देना, और आंतरिक प्रक्रियाओं को ऑडिट करना Trillium लीगल की हररोज की जिम्मेदारी है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे कारोबार या हमारी सप्लाई चेन में बेगारी की घटनाएं ना हों। Trillium लीगल वार्षिक विवरण तैयार करके उसे अनुमोदन के लिए बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए भी जिम्मेदार है।
आधुनिक दासता अधिनियम 2015 (Modern Slavery Act 2015 ) के अनुसार विशिष्ट आकार से बड़े व्यावसायिक संगठनों को हर वित्तीय वर्ष दासता और मानव तस्करी का विवरण प्रकाशित करना होगा जिसमें उनके कारोबार या सप्लाई चेन में दासता और मानव तस्करी को रोकना सुनिश्चित करने के लिए संगठन द्वारा उठाए गए क़दमों का खुलासा किया गया हो। हमारा विवरण हमारी वेबसाइट के होम पेज पर प्रकाशित किया जाता है और उसे इस नीति के साथ पढ़ा जाना चाहिए।

# हम क्या कर रहे हैं

हमें विश्वास है कि हम हमारे कारोबार में प्रत्यक्ष रूप से किसी प्रकार की बेगारी का इस्तेमाल नहीं कर रहे । हालाँकि, हम नियमित रूप से इसकी समीक्षा करके और हमारी सप्लाई चेन का मूल्यांकन करके सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि हमारी सप्लाई चेन में किसी प्रकार की बेगारी का इस्तेमाल ना किया जाए।

हम हमारी सप्लाई चेन में बेगारी का जोखिम रोकने, उसका मूल्यांकन करने और उसे संबोधित करने के लिए निम्न कदम उठाते हैं:

- हमने सप्लायर आचार संहिता (अनुलग्नक 1 देखें) स्थापित की है और हम अपेक्षा करते हैं हमारे सप्लायर्स इसका पालन करें। हम संविधात्मक बाध्यताओं को भी लागू कर सकते हैं जिनका अनुपालन आवश्यक होगा;
- हम बेगारी के जोखिम का मूल्यांकन करने के लिए हमारी सप्लाई चेन की समय-समय पर समीक्षा करते हैं, और जोखिम का पता चलने पर हम इसे संबोधित करने के लिए उचित कदम उठाते हैं; और
- हम आचार संहिता के प्रति प्रत्येक सप्लायर के आचरण पर विचार करने के बाद ही सप्लायर को कारोबार देते हैं और/या उसके साथ कारोबार का नवीनीकरण करते हैं।

हमारी सप्लाई चेन में बेगारी का जोखिम घटाने के लिए Trillium हमारी सप्लाई चेन के साथ कार्य करने वाले कर्मिकों को बेगारी और सप्लायर आचार संहिता के बारे में शिक्षित करता है।

# कर्मचारी की जिम्मेदारियां

मैनेजर उनकी जिम्मेदारी के क्षेत्र में इस नीति का लागू होना सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होते हैं।

हमारे कर्मचारियों से हमारे कारोबार या हमारी सप्लाई चेन में बेगारी के किसी भी संकेत के प्रति सावधान रहने की अपेक्षा की जाती है। हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे कर्मचारी इन सिद्धांतों का पालन करते हुए उच्चतम मानक बनाए रखेंगे। यह सुनिश्चित करना मैनेजमेंट की जिम्मेदारी है कि कर्मचारियों को अपेक्षित मानकों के बारे में पता हो और वे इसके अनुसार आचरण करें। हमारे कारोबार या सप्लाई चेन के किसी भी भाग में मानवाधिकारों के उल्लंघनों की रोकथाम, पहचान और रिपोर्टिंग हमारे लिए या हमारी ओर से कार्य करने वाले हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। कर्मचारियों को ऐसी किसी भी गतिविधि से बचना होगा जिससे इस नीति का उल्लंघन होता हो या उल्लंघन होने की संभावना हो।
हम हमारे कारोबार में किसी भी प्रकार की बेगारी सहन नहीं करते। अगर आपको लगता है कि इस नीति का उल्लंघन हुआ है या आपको हमारे कारोबार या हमारी सप्लाई चेन के किसी भी भाग में बेगारी के इस्तेमाल को लेकर कोई भी चिंता या सुझाव है, तो आपको Trillium की आचार संहिता के अनुसार इसके बारे में रिपोर्ट करना चाहिए।

मानवाधिकारों के इन सिद्धांतों का उल्लंघन करने वाले किसी भी कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## कर्मचारियों के अधिकारों का संरक्षण

Trillium रोजगार और व्यवसाय के संबंध में पक्षपाती कार्यप्रणाली के उन्मूलन का समर्थन करता है और ऐसा करना जारी रखता है। Trillium की विविधता और समावेश नीति में उल्लेख किए अनुसार अपने कारोबार संचालनों के सभी पहलूओं में विविधता को प्रोत्साहित करता है और अपनाता है। Trillium इसके अलावा हर प्रकार की बेगारी, बंधुआ या अनिवार्य मजदूरी के उन्मूलन का और संघ की आजादी का समर्थन करता है। Trillium अपने सभी कर्मचारियों को एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्य परिवेश देने के लिए वचनबद्ध है।

## हमारी प्रभाविकता की निगरानी

हम इस नीति की प्रभाविकता सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर इसकी समीक्षा करेंगे। इस नीति के अंतर्गत चिंताएं प्रकट होने पर हम विचार करेंगे कि उनका प्रबंधन किस प्रकार किया गया है, और उचित होने पर यह सुनिश्चित करेंगे कि आगे की कार्यवाही की गई हो।

## इस नीति की स्थिति

यह नीति रोजगार के किसी भी अनुबंध का भाग नहीं है और इससे किसी भी प्रकार के संविदात्मक अधिकारों या दायित्वों का निर्माण नहीं होता। कंपनी द्वारा किसी भी समय इसमें संशोधन किया जा सकता है।

### संदर्भ

- संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा
- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संघ के सम्मलेन
- संयुक्त राष्ट्र के बाल अधिकारों का सम्मलेन
- Trillium की आचार संहिता
- Trillium Flow Technologies विविधता और समावेश नीति

### संशोधन हिस्ट्री

| संशोधन संख्या | दिनांक | लेखक | संशोधन परिवर्तन सारांश | द्वारा अनुमोदित |
|---|---|---|---|---|
| | 11 नवंबर 2020 | M. Wichuk | आरंभिक संस्करण | बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स |

# Trillium की सप्लायर आचार संहिता

Trillium Flow Technologies ("Trillium") क़ानूनी, नीतिपरक, और पर्यावरणीय और सामाजिक रूप से जिम्मेदार रूप में कारोबार करने के लिए वचनबद्ध है। सप्लायर आचार संहिता ("सप्लायर संहिता") कानून और विनियमों, नैतिकता, मानवाधिकार और श्रम, निष्पक्ष व्यवहार, गैर भेदभाव, स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरणीय संधारणीयता के अनुपालन के संबंध में Trillium के सिद्धांत स्थापित करती है। Trillium अपने सप्लायर्स से अपेक्षा करता है कि वे सप्लायर संहिता में उल्लिखित सिद्धांतों को स्वीकार कर उनका पालन करें और यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाएं कि उनके सप्लायर्स और सबकॉन्ट्रैक्टर्स सप्लायर संहिता के सिद्धातों का पालन करते हों।

*क़ानूनी अनुपालन और नैतिकता*

Trillium सभी प्रयोज्य कानूनों, विनियमों और मानकों को समझकर उनका पालन करने के लिए वचनबद्ध है। Trillium नैतिकता से कारोबार करने के प्रति और नैतिकता और अखंडता से कारोबार करने वाले सप्लायर्स को प्रयुक्त करने के लिए समर्पित है। Trillium हर प्रकार के भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी को निषिद्ध करता है जिसमें गलत या अनुचित लाभ पाने के लिए भुगतान सहज बनाना, भुगतान करना, मनी लॉन्डरिंग, गबन, और धोखाधड़ी शामिल है। Trillium राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नियामक प्राधिकरणों द्वारा मान्य व्यापार नियमों और प्रतिबंधों का अनुपालन करता है।

*मानव अधिकार और श्रम*

Trillium कर्मिकों के मानवाधिकारों को कायम रखने, निष्पक्ष और नीतिपरक कार्यस्थल बनाए रखने, और कर्मिकों के साथ गरिमापूर्ण और सम्मानपूर्वक व्यवहार करने के लिए वचनबद्ध है। Trillium किसी भी प्रकार की बेगारी, बंधुआ या करारबद्ध मजदूरी का इस्तेमाल नहीं करता है। Trillium स्थानीय कानून के अनुसार आज्ञापित न्यूनतम मजदूरी और कार्य समय का पालन करता है और अपने संचालनों में अवैध बालश्रम को सख्ती से निषिद्ध करता है। "बाल" शब्द का तात्पर्य ऐसे किसी भी व्यक्ति से है जिसकी आयु कार्यस्थल की न्यूनतम क़ानूनी रोजगार की आयु से कम हो, बशर्ते वहां की क़ानूनी आयु अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) (International Labour Organization (ILO) द्वारा परिभाषित कार्य की न्यूनतम आयु के संगत हो। Trillium बलपूर्वक, अनुचित, या शोषक समझी जा सकने वाली किसी भी क्रिया या आचरण को निषिद्ध करता है जिसमें इशारे, भाषाएँ और शारीरिक संपर्क शामिल है।

*निष्पक्ष व्यवहार और गैर भेदभाव*

Trillium उत्पीड़न और भेदभाव से मुक्त कार्यस्थल प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है और जाति, रंग, आयु, लिंग, लैंगिक रुझान, जातीयता, विकलांगता, धर्म, राजनीतिक संबद्धता, संघ सदस्यता या वैवाहिक स्थिति के आधार पर व्यक्तियों के साथ दुर्व्यवहार या दुराचार नहीं करता।

*स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरणीय संधारणीयता*

Trillium अपने कर्मचारियों को सुरक्षित और स्वस्थ कार्य परिवेश प्रदान करने के लिए और कार्य स्थितियों से जुड़े सभी प्रयोज्य कानूनों और विनियमों का पालन करने के लिए वचनबद्ध है। Trillium अपने कारोबार और अपनी सप्लाई चेन में नकारात्मक प्रभाव न्यूनतम करने के लिए और समाज, अर्थव्यवस्था, और पर्यावरण में सकारात्मक योगदान देने के लिए पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार तरीके से संचालन करने हेतु और संधारणीयता, जिम्मेदारी और दायित्व समाहित करने के लिए वचनबद्ध है।

## *सामग्री अनुपालन और विवादास्पद खनिज*

Trillium खतरनाक पदार्थों और विवादास्पद खनिजों के निषेध और प्रतिबंध के संबंध में नियामक और ग्राहक की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए वचनबद्ध है, साथ ही ऐसे सप्लायर्स से सोर्सिंग करने के लिए वचनबद्ध है जो सुनिश्चित करते हैं कि Trillium को दिया गया माल इन्हीं आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।

## *नैतिकता हॉटलाइन*

कर्मचारी और सप्लायर्स नैतिकता से जुड़ी चिंताओं को, जो फ़िलहाल Trillium के संचालन वाले देशों में उपलब्ध हैं, Trillium नैतिकता हॉटलाइन के जरिए रिपोर्ट कर सकते हैं। इच्छा होने पर और निवेदन किए जाने पर हॉटलाइन में अज्ञात रूप से रिपोर्ट की जा सकती हैं। Trillium सद्भावना से सच्ची चिंताओं की रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध प्रतिशोध के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति रखता है। कर्मचारी और सप्लायर्स www.trilliumflow.ethicspoint.com पर वेब के जरिए या इसी वेबसाइट पर दिए गए नंबरों पर कॉल करके चिंताओं को रिपोर्ट कर सकते हैं।

Trillium ऐसे सप्लायर्स के साथ कारोबार करने के प्रयास करता है जो हमारी ही तरह जिम्मेदार और नीतिपरक तरीके से कार्य करने के लिए वचनबद्ध हैं। सप्लायर संहिता में उल्लिखित सिद्धांत न्यूनतम मानक हैं, और Trillium अपने सप्लायर्स को संभव होने पर न्यूनतम आवश्यकताओं से आगे जाने के लिए प्रोत्साहित करता है। ऐसे मामलों में जहाँ सप्लायर को अन्य स्थानीय मानकों या सप्लायर संहिता में निहित सिद्धांतों से जुड़ी आवश्यकताओं का पालन करना पड़े, तो वहां सप्लायर को सबसे कड़ी प्रयोज्य आवश्यकताओं का पालन करना चाहिए।

Trillium के सप्लायर के रूप में, आपको:

(1) सप्लायर संहिता में निहित सिद्धांतों की प्राप्ति को अभिस्वीकृत करके उनका पालन करने के लिए सहमत होना होगा;

(2) सप्लायर संहिता में निहित सिद्धांतों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक मैनेजमेंट सिस्टम स्थापित करके उसे बनाए रखना होगा;

(3) सप्लायर संहिता के प्रति आपका अनुपालन प्रदर्शित करने के लिए दस्तावेज तैयार रखना होगा; और

(4) अपने कर्मचारियों, संबद्ध, सहायक कंपनियों, एजेंट्स, सप्लायर्स, और सबकॉन्ट्रैक्टर्स को सप्लायर संहिता की विषयवस्तु के बारे में बताने के लिए उचित कदम उठाने होंगे, और इसके प्रति उनका अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे।

## सप्लायर अभिस्वीकृति

__________________________ की ओर से, अधोहस्ताक्षरी Trillium सप्लायर संहिता में उल्लिखित सिद्धांतों को अभिस्वीकृत करता है और उनका पालन करना और यह सुनिश्चित करना स्वीकार करता है कि इसके सभी कमर्चारी, संबद्ध, सहायक कंपनियां, एजेंट्स, सप्लायर्स, और सबकॉन्ट्रैक्टर्स Trillium Flow Technologies को या उनकी ओर से माल और सेवाओं के प्रावधान में सप्लायर संहिता के बारे में अवगत हैं और वे इनका पालन करेंगे।

हस्ताक्षर: ______________________________________________________________________________

प्राधिकृत हस्ताक्षरी का नाम और पद का शीर्षक: _________________________________________________

तिथि: _____________________________